# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(बिहार सरकार का उपक्रम)

CIN - U40102BR2012SGC018889

निबंधित कार्यालय: चतुर्थ तल,विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-800021

ई० मेल: hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in वेबसाइट- www.bsptcl.in


कार्यालय आदेश संख्या– CE Training & ERP/ Approval-03/2024 391 दिनांक– 19/07/2024

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विभिन्न कार्यो के लिए दिनांक 01.09.2022 के प्रभाव से ई0 आर0 पी0 का विभिन्न मॉड्यूल लागू किया गया है, जिसमें HCM (Human Capital Management) एवं उससे संबंधित ESS-MSS module भी शामिल है।

HCM (Human Capital Management) module मुख्य रुप से कार्यालय के कार्यों यथा Hiring to Separation (due to retirement/ death / contract ending) के बीच कंपनी में कार्यरत कर्मियों के स्थापना संबंधित क्रिया कलाप तथा इसका संधारण (सेवा इतिहास) करना है।

ESS-MSS Portal मुख्य रुप से कार्यरत कर्मियों का खुद का पोर्टल है, जहाँ से वे अपना Personal Information/ Salary statement/ Form 16/ ACR final rating देख सकते हैं। इस Portal के द्वारा अवकाश/विद्युत विपत्र की प्रतिपूर्ति/NOC (Passport/ Higher Education/ Documents Verification/ Attending Interview or Examination/ Distance Education)/ LTC request & settlement/ Performance Appraisal/ E- separation (Resignation) / TA advance & settlement / Income Tax Declaration/ Loan Request (Salary advance/ Festival advance/ Laptop advance)/ Transfer Request/ Quarter Allotment Request (for Quarters owned by BSPTCL) से संबंधित आवेदन ESS-MSS module किया जा सकता है।

वर्त्तमान में ESS-MSS Portal के माध्यम से बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीन पदस्थापित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के अवकाश , विद्युत विपत्र की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत से संबंधित अनुमोदन एवं भुगतान किया जा रहा है।

निदेशानुसार, ESS-MSS Portal के माध्यम से बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीनस्थ पदस्थापित कर्मियों के लिए निम्नलिखित सुविधाओं को प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है:—

(1) **वर्ग—3 एवं 4 के कर्मियों का वार्षिक गोपनीय चारित्री प्रतिवेदन (ACR) –** बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीनस्थ पदस्थापित वर्ग—3 एवं 4 के कर्मियों का वर्ष 2024—25 सत्र के लिए वार्षिक गोपनीय चारित्री प्रतिवेदन (ACR) ESS portal के माध्यम से किया जाएगा।

ESS portal पर उपलब्ध ACR के माध्यम से वर्ग—3 एवं 4 के कर्मियों के वार्षिक गोपनीय चारित्री प्रतिवेदन अंकन हेतु संबंधित सक्षम पदाधिकारी (जिनको मुख्यालय, जोन, अंचल तथा प्रमण्डल में workflow संधारण हेतु अधिकृत किया जाएगा) के द्वारा प्रत्येक संबंधित अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए workflow संधारित किया जाएगा, जिसके अनुसार ACR का workflow कार्य करेगा।

(2) **यात्रा भत्ता का अनुमोदन एवं इसकी प्रतिपूर्ति (Travel Management)-** वर्त्तमान में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीनस्थ पदस्थापित कर्मियों के द्वारा अग्रिम यात्रा भत्ता हेतु आवेदन एवं यात्रा उपरान्त यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति हेतु दावा Hard copy के माध्यम से manual तरीके से किया जा रहा है। साथ हीं लेखा द्वारा भी इसका निस्तारण manual तरीके से किया जा रहा है।

ESS portal पर उपलब्ध Travel Management के माध्यम से सभी कर्मियों के द्वारा यात्रा अग्रिम तथा इसकी प्रतिपूर्ति हेतु दावा किया जा सकेगा। साथ हीं साथ लेखा के द्वारा भी इसका निस्तारण ESS portal के माध्यम से किया जाएगा।

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीनस्थ पदस्थापित कर्मियों के लिए अग्रिम यात्रा भत्ता का अनुमोदन एवं इसकी प्रतिपूर्ति ESS portal के Travel Management के माध्यम से सितम्बर माह से किए जाने की योजना है।

(3) लेखा द्वारा चिकित्सा विपत्र की प्रतिपूर्ति, वर्दी भत्ता अथवा अन्य कर योग्य भुगतान ERP-HCM के माध्यम से किया जाएगा, ताकि system के द्वारा हीं कर (tax) की गणना हो सके। यह व्यवस्था सितम्बर माह से प्रारंभ की जाएगी।

(4) प्रत्येक संबंधित पदाधिकारियों को जिनको SAP ERP system में कार्य करने हेतु User ID निर्गत है तथा वे HCM के लिए अधिकृत (authorised) हैं, को उनके अधीनस्थ संबंधित कर्मियों के डाटा को real time में entry हेतु निदेशित किया जा रहा है। साथ हीं अगर आवश्यकता हो तो online अथवा offline mode में प्रशिक्षण हेतु भी व्यवस्था करवाने का निर्णय लिया गया है।

(5) उक्त के संचालन हेतु SOP का निर्माण प्रक्रिया में है।

उक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
**ह0/–**
(जवाहर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)

ज्ञापांक पटना, दिनांक

प्रतिलिपि निदेशक (परियोजना)/निदेषक (परिचालन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ सभी महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)/ सभी महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी मुख्य अभियंता, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/ सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन/उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)/उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड / सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/ सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक अंचल/उप सचिव, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल/ सभी कार्यपालक अभियंता, असैनिक संचरण प्रमण्डल/ अवर सचिव/ सभी प्रशासी पदाधिकारी/सभी लेखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/ सभी सहायक कार्यपालक अभियंता, ग्रिड उपकेन्द्र/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
(जवाहर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)

ज्ञापांक 1805 पटना, दिनांक 19/07/2024

प्रतिलिपि अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/ वरीय आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ प्रेषित।

(जवाहर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)